दिनांक 21.10.2026 को जल जीवन मिशन के कार्यों की मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 21.10.2026 को जल जीवन मिशन फेज-2 व फेज-5 से संबंधित कार्यों समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई। जिसमें निम्न अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे-

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. श्री महेन्द्र राम, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।
3. श्री चन्द्रशेखर यादव, सहायक अभियन्ता (**SWSM**) / समस्त जू०इं०।
4. श्री गौरव, प्लानिंग इंजीनियर, मे० मेघा इंजी0 एण्ड इन्फ्रा0लि0, संतकबीरनगर।
5. श्री लालचन्द्र, **PM,** श्री विवेक श्रीवास्तव, **PM** मे० जैक्शन विश्वराज (जे0वी0), संतकबीरनगर।
6. श्री बृजेश कुमार, **DPM** टी0पी0आई, संतकबीरनगर।
7. श्री ओ0पी0 तिवारी, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात कार्यदायी फर्मों की समीक्षा निम्नानुसार किया गया।

1. **कार्यदायी फर्म (मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, हैदराबाद) :-**

- जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रा० लि०, हैदराबाद को फेज-2 के अन्तर्गत कुल 443 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 171 योजनाओं के माध्यम से संतृप्त किया जाना है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 171 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है एवं कुल 171 नग योजनाओं के सापेक्ष मात्र 179 नग नलकूप निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- फेज-2 के कार्यों की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म मेघा इंजीनियरिंग के AGM द्वारा पम्प हाऊस 179 के सापेक्ष 177 पूर्ण कर लिया गया है तथा 02 परियोजनाओं **1. वि०ख०- पौली ग्राम पंचायत- अजवा खास 2. वि०ख०- मेंहदावल, ग्राम पंचायत- दुर्गजोत** में क्रमशः भूमि विवाद एवं एप्रोच रोड न मिल पाने के कारण पम्प हाऊस का कार्य बाधित है एवं क्लोरिनेशन सिस्टम 162 के सापेक्ष 135 पर कार्य कर रहा है। ओवरहेड टैंक 171 के सापेक्ष 109 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया, शेष ओवरहेड टैंक का कार्य प्रगति पर है। जिसे शीघ्र पूर्ण करने हेतु प्लानिंग इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया। पाइपलाइन का कार्य 2106 किमी0 के सापेक्ष 1415 किमी0 पूर्ण कर लिया गया, शेष पाइपलाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। फर्म के प्लानिंग इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि 443 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 391 राजस्व ग्रामों में शिरोपरि जलाशय एवं सीधे पम्पिंग के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
- मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फर्म के प्लानिंग इंजीनियर से पूछा गया कि आपके द्वारा रोड रेस्टोरेशन कितना किमी० पूर्ण करा दिया गया है तब फर्म के प्लानिंग इंजीनियर द्वारा बताया गया कि 474 किमी० के सापेक्ष 474 किमी० पूर्ण करा लिया गया है एवं जहां पर रोड रेस्टोरेशन सेटल हुआ है उसको रिपेयर किया जा रहा है।

(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), TPI, प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 मेघा, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)

2. <u>कार्यदायी फर्म (जैक्सन (जे०वी०), नई दिल्ली) :-</u>

❖ <u>जैक्शन फेज-5</u> के कार्यो की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म जैक्शन (जे0वी0) के PM द्वारा अवगत कराया गया कि 115 नग ट्यूबेल के सापेक्ष 113 नग ट्यूबेल का कार्य पूर्ण किया गया है, शेष **1. वि0ख0- बेलहर कला में लौहरौली ठकुराई** में ट्यूबेल हेतु भूमि उपलब्ध नही हो पायी है। जिसपर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उपजिलाधिकरी से समन्वय स्थापित करते हुये डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 को 01 सप्ताह में निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पम्प हाऊस 115 के सापेक्ष 110 पूर्ण कर लिया गया है। ओवरहेड टैंक 115 के सापेक्ष 27 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया, शेष ओवरहेड टैंक का कार्य प्रगति पर है। फर्म के PM द्वारा अवगत कराया गया कि 316 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 177 राजस्व ग्रामों में शिरोपरि जलाशय एवं डारेक्ट पम्पिंग के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

❖ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फर्म के PM से पूछा गया कि आपके द्वारा रोड रेस्टोरेशन कितना किमी० पूर्ण करा दिया गया है तब फर्म के PM द्वारा बताया गया कि 534 किमी० के सापेक्ष 531 किमी० पूर्ण करा लिया गया है, शेष कार्य प्रगति पर है।

(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), TPI, DPM मे0 जैक्शन, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)

3. <u>कार्यदायी फर्म (विश्वराज (जे०वी०), नई दिल्ली) :-</u>

❖ **विश्वराज फेज-5** के कार्यो की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म विश्वराज (जे0वी0) के PM द्वारा अवगत कराया गया कि 198 नग ट्यूबेल के सापेक्ष 193 नग ट्यूबेल का कार्य पूर्ण किया गया है, शेष **1. वि0ख0- सेमरियावां में ग्राम पंचायत- पिपराहंकार** में 02 ट्यूबेल हेतु भूमि की आवश्यकता है **2. वि0ख0- हैंसर बाजार में ग्राम पंचायत- आगापुर गुलहरिया एवं इनायतपुर** में ट्यूबेल हेतु भूमि उपलब्ध नही हो पायी है तथा पम्प हाऊस 198 के सापेक्ष 189 पूर्ण कर लिया गया है। ओवरहेड टैंक 175 के सापेक्ष 77 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया, शेष ओवरहेड पर टैंक का कार्य प्रगति पर है। फर्म के PM द्वारा अवगत कराया गया कि 487 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 254 राजस्व ग्रामों में शिरोपरि जलाशय एवं डारेक्ट पम्पिंग के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

❖ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फर्म के PM से पूछा गया कि आपके द्वारा रोड रेस्टोरेशन कितना किमी० पूर्ण करा दिया गया है तब फर्म के PM द्वारा बताया गया कि 712 किमी० के सापेक्ष 612 किमी० पूर्ण करा लिया गया है, शेष कार्य प्रगति पर है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा रोष प्रकट करते हुये फर्म के PM को निर्देशित किया गया कि मैन पैवर बढ़ाकर रोड रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करायें।

(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), TPI, DPM मे0 विश्वराज, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)

4. <u>कार्यदायी फर्म (जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि०, गुजरात) :-</u>

❖ जल निगम की Old Scheme /Other than JJM प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि० के अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 85 योजना के सापेक्ष 52 योजना स्वीकृत है। जिसमें 07 योजना पूर्ण संचालित, 63 योजना आंशिक क्रियाशील एवं 15 योजनाएं अक्रियाशील है। माह जुलाई में 11 नग लक्षित अक्रियाशील योजनाओं के सापेक्ष 02 योजना को पूर्ण कर आंशिक क्रियाशील कर दिया गया है। जिसे पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। खजुरी पेयजल योजना बोरवेल खराब होने के कारण ,सप्लाई बाधित है, पूर्ण रुप से संचालित योजना परसामाफी को PWD द्वारा रोड चौड़ीकरण के कारण लगभग 01 किमी० पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिससे वर्तमान में पेयजल सप्लाई बाधित है।

❖ संचालित कर रही फर्म में जयन्ती द्वारा अवगत कराया गया कि 03 योजनायें क्रमशः पकरी आराजी, माधवपुर एवं सिया कटाई के प्रधान एवं सचिव द्वारा ट्राई पार्टी एग्रीमेन्ट पर हस्ताक्षर नही किये गये है, जिसमें O&M का भुगतान लंबित है, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि उक्त योजनाओं के ट्राई पार्टी एग्रीमेंट हेतु प्रधान/सचिव से समन्वय स्थापित कर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), DPM मे0 जयन्ती, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)

❖ अधिशासी अभियन्ता एवं फर्मो द्वारा भूमि के आवंटन न होने के संबंध में निम्नानुसार योजनाओं पर अवगत कराया गया है:-

क्र०सं०	फर्म का नाम	तहसील का नाम	वि०खं० का नाम	SVS / MVS	ग्राम पं० का नाम	अभियुक्ति
1	विश्वराज	घनघटा	हैसर बाजार	SVS	अगापुर उर्फ गुलरिहा	अभी तक कोई जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई है । आबादी की ज़मीन पर खेती हो रही है
2		खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	पिपरा हंकार, सिसवा दाखिली प्रथम	अभी तक कोई जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई है। लेखपाल द्वारा बताया गया कि सरकारी भूमि कब्जा है।
3		खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	पिपरा हंकार, सिसवा दाखिली द्वितीय	अभी तक कोई जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई है। लेखपाल द्वारा बताया गया कि सरकारी भूमि कब्जा है।
4		खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	इनायतपुर	अभी तक कोई जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई है। सरकारी भूमि पर कब्जा होने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है।
5	वैक्शन	मेंहदावल	बेलहर कला	SVS	लोहरौली ठकुराई	भूमि उपलब्ध नहीं है।
6	मेसर्स जय मां गायत्री इण्टर प्राइजेज, गोरखपुर	मेंहदावल	मेंहदावल	MVS	कुसौना कला	DC DPMU, सहायक अभियन्ता एवं जू0इ0 द्वारा उपजिलाधिकारी मेंहदावल से समन्वय स्थापित कर लेखपाल द्वारा भूमि का सीमांकन करा लिया गया। वाउण्ड्रीवाल का कार्य प्रारम्भ कराया गया था, परन्तु उक्त भूमि में श्री बृजेन्द्र बिहारी शुक्ला के द्वारा निर्माण कार्यों का विरोध लगातार किया जा रहा है। जिससे दिनांक 06.08.2026 को पुनः लेखपाल से पैमाइश कराया गया। तथा मामला न्यायालय में कोर्ट केश कर दिया गया है।

जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा डी०सी० (डी०पी०एम०यू०) एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के निर्माण कार्य में आने वाली बाधाओं के संबंध में संबंधित उपजिलाधिकारी एवं अन्य विभाग से सम्पर्क कर निस्तारण करावें।

(कार्यवाही- उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड मेंहदावल, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)

❖ फर्मो द्वारा भूमि विवाद, एप्रोच रोड के विवाद होने एवं अन्य समस्याओं के संबंध में निम्नानुसार योजनाओं पर अवगत कराया गया है:-

1. कार्यदायी फर्म:- मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा०लि०, संतकबीरनगर।

क्र०सं०	तहसील का नाम	वि०ख० का नाम	SVS / MVS	ग्राम पं० का नाम	अभियुक्ति
1	खलीलाबाद	खलीलाबाद	SVS	भरपुरवा	ओएचटी कैंपस जाने वाली गांव की सड़क पर 50 मीटर की दूरी पर भूमि विवाद है।
2	मेहदावल	मेहदावल	SVS	दुर्जोत	पहुँच मार्ग और परिसर की सीमा को लेकर भूमि विवाद
3	मेहदावल	मेहदावल	SVS	बैकासिया	ओएचटी कैंपस जाने वाली गांव की सड़क पर 150 मीटर की दूरी पर भूमि विवाद है।
4	खलीलाबाद	बघौली	MVS	एकमा	ओएचटी कैंपस जाने वाली गांव की सड़क 240 मीटर लंबी है और इस पर भूमि विवाद है।
5	खलीलाबाद	बघौली	MVS	हापुर बदरी	ओएचटी कैंपस जाने वाली गांव की सड़क 600 मीटर लंबी है और इस पर भूमि विवाद है।
6	खलीलाबाद	बघौली	MVS	पच पोखरी	कैंपस की सीमा को लेकर भूमि विवाद
7	मेहदावल	बेलहर कला	MVS	भुंडेरी	ओएचटी कैंपस जाने वाली गांव की सड़क 700 मीटर लंबी है और इस पर भूमि विवाद है।
8	धनघटा	हैसर बाजार	MVS	मिथन सिधना	ओएचटी कैंपस जाने वाली गांव की सड़क पर 80 मीटर की दूरी पर भूमि विवाद है।
9	धनघटा	हैसर बाजार	MVS	सियार खुर्द	ओएचटी कैंपस जाने वाली गांव की सड़क पर 200 मीटर की दूरी पर भूमि विवाद है।
10	धनघटा	हैसर बाजार	MVS	खाजो	2 आम के पेड़
11	खलीलाबाद	खलीलाबाद	MVS	सिरमोहानी	ओएचटी कैंपस जाने वाली गांव की सड़क पर 150 मीटर की दूरी पर भूमि विवाद है।
12	धनघटा	नाथ नगर	MVS	सुखीपुर	ओएचटी कैंपस जाने वाली गांव की सड़क पर 50 मीटर की दूरी पर भूमि विवाद है।
13	धनघटा	नाथ नगर	MVS	तिघरा	ओएचटी कैंपस जाने वाली गांव की सड़क 800 मीटर लंबी है और इस पर भूमि विवाद है।
14	धनघटा	नाथ नगर	MVS	तिघारा	2 पीपल का पेड़
15	धनघटा	पाउली	MVS	अजावाखास	स्थानीय लोगों द्वारा भूमि विवाद (न्यायालय मामला)
16	धनघटा	पाउली	MVS	धुधाई खुर्द	1 पीपल का पेड़
17	मेहदावल	संधा	MVS	गोइधाहा	SH-28 से OHT कैंपस तक 200 मीटर भूमि विवाद
18	मेहदावल	संधा	MVS	डबरा	1 पीपल का पेड़
19	मेहदावल	संधा	MVS	पासकरा	1 पीपल का पेड़ + 2 आम के पेड़

2. कार्यदायी फर्म- जैक्शन

क्र०सं०	तहसील का नाम	वि०ख० का नाम	SVS / MVS	ग्राम पं० का नाम	अभियुक्ति
1	मेहदावल	मेहदावल	SVS	डमरवार	राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन तक पहुचने हेतु कोई भी रास्ता नहीं है चारो तरफ से कास्तकारों की भूमि से घिरा हुआ है।
2	मेहदावल	संधा	SVS	बेलवा मिश्रा	राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन तक पहुचने हेतु कोई भी रास्ता नहीं है चारो तरफ से कास्तकारों की भूमि से घिरा हुआ है।
3	खलीलाबाद	बघौली	SVS	गौर	राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन तक पहुचने हेतु कोई भी रास्ता नहीं है चारो तरफ से कास्तकारों की भूमि से घिरा हुआ है।
4	खलीलाबाद	बघौली	MVS	सिसवा पठान	राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन तक पहुचने हेतु कोई भी रास्ता नहीं है सरकारी चक रोड पर किसानो का कब्जा है
5	खलीलाबाद	बघौली	MVS	बंजारिया	राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन तक पहुचने हेतु कोई भी रास्ता नहीं है चारो तरफ से कास्तकारों की भूमि से घिरा हुआ है।
6	खलीलाबाद	बघौली	MVS	धनखिरिया तेलारिया	राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन तक पहुचने हेतु कोई भी रास्ता नहीं है चारो तरफ से कास्तकारों की भूमि से घिरा हुआ है।
7	खलीलाबाद	बघौली	MVS	बतुशासन	राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन तक पहुचने हेतु कोई भी रास्ता नहीं है चारो तरफ से जंगल झाड़ी व कास्तकारों की भूमि से घिरा हुआ है।
8	खलीलाबाद	बघौली	SVS	सुगरा माफी	राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन तक पहुचने हेतु कोई भी रास्ता नहीं है चारो तरफ से जंगल झाड़ी व कास्तकारों की भूमि से घिरा हुआ है।
9	खलीलाबाद	बघौली	MVS	सोया पारसा कला	पर्सा कला के ग्राम प्रधान द्वारा सूपा ग्राम पंचायत में पानी नही जाने दिया जा रहा है
10	मेहदावल	बेलहर कला	MVS	मंझरिया पठान	राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन तक पहुचने हेतु कोई भी रास्ता नहीं है चारो तरफ से कास्तकारों की भूमि से घिरा हुआ है।
11	मेहदावल	मेहदावल	MVS	नागाव	राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन तक पहुचने हेतु कोई भी रास्ता नहीं है चारो तरफ से कास्तकारों की भूमि से घिरा हुआ है।
12	मेहदावल	संधा	MVS	कटया	राजस्व विभाग द्वारा आवंटित जमीन तक पहुचने हेतु कोई भी रास्ता नहीं है चारो तरफ से कास्तकारों की भूमि से घिरा हुआ है।

3. कार्यदायी फर्म- विश्वराज

क्र०सं०	तहसील का नाम	वि०ख० का नाम	SVS / MVS	ग्राम पं० का नाम	अभियुक्ति
1	[illegible]	हैसर बाजार	MVS	मनिकापार	ट्यूबवैल निर्माण किया गया है, किन्तु टंकी हेतु भूमि उपलब्ध नही है।
2	खलीलाबाद	खलीलाबाद	MVS	सैसराव माफी	गाँव के सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण होने से निर्माण कार्य हेतु रास्ता नही मिल पा रहा है।ट्यूबवैल निर्माण किया गया है
3	खलीलाबाद	खलीलाबाद	MVS	सियारा सांधा	सरकारी भूमि पर कार्य हेतु पहुँच मार्ग उपलब्ध नही है।ट्यूबवैल निर्माण किया गया है, किन्तु पहुँच मार्ग न होने के कारण अन्य कार्य प्रारम्भ नही हो सका है।
4	[illegible]	पौली	MVS	तेजपुर	सरकारी भूमि पर कार्य हेतु पहुँच मार्ग उपलब्ध नही है।ट्यूबवैल निर्माण किया गया है, किन्तु पहुँच मार्ग न होने के कारण अन्य

					कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है।
5	धनघटा	पौली	MVS	बछईपुर	ट्यूबवेल निर्माण किया गया है, किन्तु पहुँच मार्ग उपयुक्त न होने के कारण अन्य कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है।
6	धनघटा	पौली	SVS	पडरिया	सरकारी भूमि पर कार्य हेतु पहुँच मार्ग उपलब्ध नहीं है। ग्राम चकबन्दी में है ट्यूबवेल निर्माण किया गया है, किन्तु पहुँच मार्ग न होने के कारण अन्य कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है।
7	धनघटा	हैंसर बाजार	MVS	बंटीवार, बेलगा	बेलगा ग्रामवासी अलग टंकी की मांग कर रहे हैं व पाइपलाइन और कनेक्शन के कार्य में विरोध कर रहे हैं
8	धनघटा	हैंसर बाजार	MVS	रजनौली, सांची	रजनौली ग्रामवासी अलग टंकी की मांग कर रहे हैं व पाइपलाइन और कनेक्शन के कार्य में विरोध कर रहे हैं
9	खलीलाबाद	खलीलाबाद	MVS	धमरजा, उमरिकला	आवन्टित भूमि पर कब्जा है, सोलर प्लांट हेतु जमीन उपलब्ध नहीं है
10	खलीलाबाद	खलीलाबाद	SVS	गढ़सरपार	132 KV की लाइन कैंपस के पास से गुजरती है और सम्बंधित विद्युत् विभाग द्वारा कार्य न करने हेतु निर्देशित किया गया है। अधिशाषी अभियंता महोदय के निर्देशन में कार्य योजना बना कर कार्य कराये जाना है
11	खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	बेलवासी जिगिना	विद्युत् लाइन शिफ्टिंग हेतु कंपनी द्वारा भुगतान कर दिया गया है शिफ्टिंग न होने के कारण,योजना का निर्माण कार्य नहीं किया जा पा जा रहा है
12	खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	देवरियालाल, धोरहाए, मुसरद	काश्तकार के द्वारा कहा जा रहा है की मेरी जमीन है पैमाईश करवा का समस्या का निस्तारण किया जाना है
13	धनघटा	नायनगर	MVS	धौरिपार बरहवा	सरकारी भूमि तक पहुँच मार्ग उपलब्ध नही है। निर्माण कार्य बाधित है पैमाईश करवा का समस्या का निस्तारण किया जाना है
14	खलीलाबाद	खलीलाबाद	MVS	अशरफाबाद, मोहम्मदपुर, मोहिउद्दीनपुर द्वितीय	भूमि संख्या 2 पर कार्य हेतु, सरकारी भूमि तक रास्ता उपलब्ध नहीं है।निर्माण कार्य बाधित है
15	खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	तेनुहारी ढोयम	सरकारी भूमि पर रास्ता उपलब्ध नहीं है। पहुँच मार्ग न होने के कारण अन्य कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है।
16	खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	जटेदेहा, गंगैया	ग्रामीणों द्वारा निजी रास्ते से जाने का विरोध किया जा रहा है।
17	खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	सेहुरा, कोयलसा	सरकारी भूमि तक पहुँच मार्ग उपलब्ध नही है। किन्तु पहुँच मार्ग न होने के कारण निर्विरोध रूप से कार्य नही किया जा पा रहा है
18	खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	पिपरा ब्रोमन, मुरादीहा खुर्द	सरकारी भूमि तक पहुँच मार्ग उपलब्ध नहीं है।
19	खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	पुरैना, रथौली	रास्ता निकालने हेतु ग्रामीणों द्वारा विवाद किया जा रहा है। किन्तु पहुँच मार्ग न होने के कारण निर्विरोध रूप से कार्य नहीं किया जा पा रहा है

20	खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	छगेरा, मंगेरा	ट्रबवेल-2 से टंकी के कैंपस तक पाइपलाइन डालने हेतु रास्ते की दिक्कत रास्ते दिक्कत है
21	खलीलाबाद	सेमरियावां	MVS	डंडवा माली, कनपरा, पिड़वा	पेड़ों कि नीलामी हेतु तहसील को अधिशासी अभियन्ता द्वारा निर्देशित किया गया परन्तु कोई प्रगति नहीं है

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा डी०सी० (डी०पी०एम०यू०) एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के निर्माण कार्य में आने वाली बाधाओं के संबंध में संबंधित उपजिलाधिकारी एवं अन्य विभाग से सम्पर्क कर अतिशीघ्र निस्तारण कराये तथा जीरो पावर्टी हेतु लक्षित गृह संयोजन 3608 के सापेक्ष 691 नग गृह संयोजन पूर्ण कराया गया है, अवशेष 2917 जीरो पाबर्टी वाले गृह संयोजन अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने के लिए फर्म को कड़े निर्देश दिये गये है।

(कार्यवाही- उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड मेंहदावल, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न की गयी।

(जयकेश त्रिपाठी)
मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर

कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।

पत्रांक- 1059 / W-18 / 82 दिनांक-23/11/2026

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. जिलाधिकारी, संत कबीर नगर को सादर अवलोकनार्थ।
2. समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद- संतकबीरनगर।
3. अधिशासी अभियंता, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण), संतकबीरनगर।
4. पी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०।
5. पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज (जे०वी०)।
6. जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि०।
7. डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
8. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर
25/11/2026